हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 10 .0 डिग्री

14 दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दिया गणित का पेपर



14 जुआ खेलते समय मारपीट से बनी रंजिश, दोस्तों के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट



### होली के बाद नई अनाज मंडी में जोर पकड़ेगी सरसों की आवक

# अनाजमंडी में सरसों की आवक शुरू, प्रशासन की व्यवस्था होने में देरी, फसल कटाई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाज मंडी में रबी की फसल सरसों की आवक शुरू हो गई है। किसान अगेती सरसों के पक जाने के बाद जोर-शोर से कटाई में जुट गए है। मंडी में अभी सरसों की कई ढेरियां पहुंच चुकी है, जिसमें नमी की मात्रा ज्यादा है। अनाजमंडी में अभी ओपन में सरसों के भाव 6000 से 6300 प्रति क्विंटल तक चल रहे है। सरकार की ओर से 250 रुपये बढ़ाकर सरसों का एमएसपी 6200 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। हालांकि सरकार की ओर से अभी सरकारी खरीद की तारीख जारी नहीं की गई है, होली के बाद सरसों आवक बढ़ने की संभावना है, जिसके बाद सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद होने की संभावना है। इस बार जिले में करीब 80 हजार हेक्टेयर में सरसों की बिजाई की गई थी। फसल खरीद को लेकर प्रशासन की ओर से अभी अनाजमंडी में व्यवस्थाएं करना शुरू नहीं किया गया है।

> अनाजमंडी में अभी ओपन में सरसों के भाव 6000 से 6300 प्रति क्विंटल तक चल रहे हैं जबकि सरकार की ओर से 250 रुपये बढ़ाकर सरसों का एमएसपी 6200 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में फड़ के पास जमा गंदगी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी में बंद पड़ा वाटर कूलर। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में फड़ पर सुखाई गई नई सरसों। फोटो : हरिभूमि

### 20 मार्च के बाद बढ़ेगी सरसों की आवक

*नई अनाजमंडी में 20 मार्च के बाद सरसों की आवक बढ़ना शुरू हो जाएगी। अभी किसान खेतों में सरसों की कटाई करने में जुटे हुए है। इस बार करीब 80 हजार हेक्टेयर में सरसों की बुआई की गई थी। पिछले सीजन में जिले की रेवाड़ी, कोसली व बावल अनाजमंडी में 8 लाख क्विंटल से अधिक सरसों खरीदी गई थी। गत वर्ष रेवाड़ी अनाजमंडी में 481574 क्विटल सरसों की खरीद की गई। किसानों को सरकारी खरीद के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।*

### अनाजमंडी में व्यवस्थाएं अभी अधूरी

अनाजमंडी में अभी किसानों की सुविधा के लिए व्यवस्था करना शुरू नहीं किया गया है। अनाजमंडी के तीनों फड़ों पर ठीक से सफाई नहीं हो रही है। सफाई कर्मी सिर्फ सड़कों पर ही सफाई कर रहे है। अनाजमंडी में लगे वाटर कूलरों को सुचारू व्यवस्था नहीं की गई है। शौचालय व स्ट्रीट लाइटों का भी दुरुस्त होना जरूरी है ताकि किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### दुकानों के पीछे के रास्ते पर जमा रहता पानी

अनाजमंडी में लंबे समय से दुकानों के पिछले हिस्से की सड़क पर सीवर व बरसात आने पर पानी जमा हो जाता है। इसके अलावा कुछ व्यापारियों ने के नालियों का पानी भी सड़क पर जमा होने से कीचड़ हो जाती है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है।

### सड़कों पर गड्ढे बन रहे परेशानी

लंबे समय से अनाजमंडी की सड़कों का नवनिर्माण तक नहीं किया गया है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने से भी परेशानी बनी हुई है। गत वर्ष अनाजमंडी में पैचवर्क करके गड्ढों को दुरुस्त किया गया था, लेकिन फिलहाल अनाजमंडी में जगह-जगह गड्ढे बने हुए है।

### किसान भवन में डाला जा रहा कचरा

अनाजमंडी स्थित किसान भवन का नवीनीकरण किया ज रहा है, लेकिन किसान भवन के पास कचरा डंपिंग स्टेशन बनाया हुआ है। सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदार की ओर से किसान भवन के पास कचरा डाला जा रहा है, जिससे उठती दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी की सड़क पर हुए गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल गार्ड ने अस्पताल में तोड़ा दम

**रेवाड़ी।** कसोला चौक के पास दो बाइकों की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हुए सिक्योरिटी गार्ड ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रायपुर रानी निवासी राजेंद्र सिंह एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था। वह कंपनी से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां से पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने गत 22 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। महिला ने दहेज की मांग पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने महेंद्रगढ़ के कुरावरा निवासी अनिष को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। बावल रोड पर हुए हादसे के बाद गत वर्ष 1 अक्टूबर को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। परिजनों के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में पुलिस ने यूपी के बिजनौर निवासी अरुण कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### कैंटर की टक्कर से ऑटो सवार चार लोग घायल

**रेवाड़ी।** शहबाजपुर खालसा के निकट टैंकर की टक्कर से ऑटो पलट गया, जिससे उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। राजस्थान के दिलावलपुर निवासी ऑओ चालक दीपक रायपुर निवासी जयसिंह व उसके परिवार के सदस्यों को लेकर लिलोढ़ मंदिर जा रहा था। शहबाजपुर खालसा के पास टैंकर ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार सुमन और मानसिंह सहित चार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने चालक के बयान पर टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### शांति भंग करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शांति भंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार धारूहेड़ा चुंगी निवासी तरुण और मुक्तिवाड़ा निवासी अमित सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंगबाजी करते हुए लोगों की शांति भंग कर रहे थे। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ मॉडल टाउन थाने में केस दर्ज किया गया है।

## लाखों रुपये की साइबर ठगी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने पर-डे पैसे कमाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला रायसेन के गैरतगंज निवासी आयुष साहू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बावल के सेक्टर-2 में रहने वाले मूलरूप से राजस्थान के श्री गंगानगर निवासी हर्ष भार्गव के पास 25 जनवरी को एक मैसेज आया था, जिसमें पर-डे जॉब इनकम के बारे में पूछा गया। उसे कुछ होटलों से रिव्यू करने व क्वाइनडेक्स पर इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। इस कार्य को करने के लिए उसका टेलीग्राम पर साक्षी गोयल और अरमान मिश्रा नामक दो लोगों से संपर्क कराया गया, जिन्होंने उसे एक गुरप से जोड़ दिया, जिसमें तीन लोग पहले से जुड़े हुए थे। उसे एक टास्क करने के लिए 7 हजार रुपये इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। जब उसने राशि ट्रांसफर की तो बताया गया कि उसका खाता फ्रीज हो गया। ठगों ने खाता अनफ्रीज करने के लिए उससे चार ट्रांजेक्शन के जरिए 165600 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद ठगों ने उसे फिर से खाता फ्रीज होने का झासा दिया तथा उससे 320612 रुपये और मांगे। इसके बाद उससे क्रेडिट स्कोर बढ़ाने के लिए 5.58 लाख रुपये जमा कराने को कहा गया, जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने जांच के बाद मामले में संलिप्त एक और आरोपी राजस्थान के जिला करोली के गांव थूमा हाल आबाद शिव नगर जयपुर निवासी रिंकेश मीणा को पहले ही काबू कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को आरोपी आयुष साहू को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आयुष साहू के खाते में ठगी की रकम के 3.20 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी आयुष साहू।

## 3.81 लाख रुपये की ठगी में एक आरोपी गिरफ्तार

- वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने एक युवती को वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लगभग 3.81 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 20 दिसंबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में उष्मापुर निवासी सोनम ने बताया था कि उसने 17 दिसंबर 2025 को उसने इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देखा था। उसे एक लिंक मिला था, जिस पर क्लिक करने के बाद उसे प्रोडक्ट सेल-प्रचेज के बारे में बताया गया। उसे पैसे ट्रांसफर करने के लिए यूपीआई नंबर दिया गया। उसे इस नंबर पर पेमेंट करने पर मोटा मुनाफा मिलने का लालच दिया गया। इसके बाद उसने अपने और अपने मम्मी-पापा के बैंक खातों से 10 ट्रांजेक्शन के जरिए 381439 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपनी रकम वापस पाने का प्रयास किया, तो उसे और अधिक पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### आरोपी के खाते में ट्रांसफर हुई रकम

*साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पुलिस ने उन बैंक खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू किए, जिनमें रकम ट्रांसफर हुई थी। जांच के बाद पुलिस ने यूपी के आजमगढ़ जिले के गोधोरा निवासी पंचदेव पांडे को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक खाते में ठगी के 68888 रुपये ट्रांसफर हुए थे। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।*

## बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव जैनाबाद निवासी विकाश व हिमांशु के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। मोहल्ला कंपनी बाग निवासी यशपाल सैनी ने गत 23 फरवरी को अपनी बाइक नेहरू पार्क के गेट के पास खडी की थी। जब वह पार्क से बाहर आया तो बाइक गायब थी। जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त दो आरोपी गांव जैनाबाद निवासी विकाश व हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## विरासत-ए-रेवाड़ी कार्यक्रम आज छतरियों पर गूंजेंगी स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अहीरवाल हेरिटेज संस्था के तत्वावधान में 27 फरवरी को ऐतिहासिक छतरी समूह में 'विरासत-ए-रेवाड़ी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था की प्रधान प्रियंका यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. जेपी यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएमसी ब्रह्मप्रकाश करेंगे, जबकि पुरातत्व विभाग से विनीत बनवाला तथा इन ऐतिहासिक धरोहरों की नियमित देखभाल करने वाले होली चाइल्ड स्कूल के चेयरमैन अनिरुद्ध सचदेवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डीएमसी ब्रह्मप्रकाश के कुशल नेतृत्व में नगर परिषद रेवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में शहर के लोगों में स्वच्छता और सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर परिषद रेवाड़ी शहर को एक बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आहिरवाल हेरिटेज के सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने के लिए ऐतिहासिक छतरी समूह पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन में भार्गव सभा के अध्यक्ष अनिल भार्गव, सुनिल भार्गव एवरेस्ट मैटल वर्क्स एवं डॉ. विजय भार्गव का विशेष रूप से सहयोग एवं योगदान रहा। संस्था ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से इस सांस्कृतिक संध्या में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समृद्ध विरासत से जुड़ने का आह्वान किया है।



रेवाड़ी। छतरियों का अवलोकन करते हुए संस्था के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मार्च के पहले सप्ताह में ही मौसम होगा गर्म, अभी बरसात की कोई संभावना नहीं

# रात का पारा भी चढ़ना शुरू, सर्दी का असर होने लगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

फरवरी के अंत में रात का पारा भी चढ़ना शुरू होने से सर्दी की विदाई के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। सुबह के समय होने वाली ठंड का असर कम हो गया है। रात का पारा अभी लगातार बढ़ना शुरू हो सकता है, जिससे मार्च के शुरू में ही गर्मी अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू कर देगी। एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। बीते एक सप्ताह से मौसम लगातार साफ बना हुआ है। आसमान साफ रहने के कारण सुबह के समय ठंड का असर सूर्यादय के साथ ही खत्म हो जाता है। दोपहर तक मौसम का मिजाज गर्म हो जाता है। वीरवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 38 प्रतिशत पर आ गया, जबकि दिन के समय 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। तापमान इस समय सामान्य से कम चल रहा है। बीते साल 26 फरवरी को अधिकतम तापमान 31.5 और न्यूनतम 15.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन के समय मौसम गर्म रहने के कारण सर्दी के कपड़ों से छुटकारा मिल गया है। दोपहर के समय पंखे चलने शुरू हो गए हैं, जल्द ही रात के समय भी पंखों की शुरूआत जाएगी। मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 फरवरी में दिन और रात के तापमान में और वृद्धि होना शुरू हो जाएगा। 5 मार्च तक मौसम रात को भी गर्म होना शुरू हो जाएगा। इसके बाद गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर देगी। बरसात होने की अभी कोई संभावना नहीं है। वीरवार को धारूहेड़ा का एक्यूआई 165 दर्ज किया गया।



रेवाड़ी। एक खेत में खड़ी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

### गेहूं के लिए बढ़ते तापमान से खतरा

*इस समय सरसों की कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। गेहूं की अगेती फसल में दाना बनना शुरू हो गया है। कृषि विशेषज्ञ डा. नरेश यादव ने बताया कि अभी तक मौसम से फसलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। तेजी से बढ़ता तापमान गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। मिट्टी तापमान बढ़ने से गर्म होने लगती है, जिससे दीमक जमीन से बाहर आकर गेहूं पर हमला कर देती है। इससे गेहूं समय से पहले सूखने लगता है। दाना पूरी तरह तैयार नहीं होने के कारण उत्पादन में कमी आ जाती है। उन्होंने बताया कि इस समय किसानों को निरंतर गेहूं की हल्की सिंचाई करनी चाहिए। तेज हवाएं चलने पर सिंचाई करने से बचना चाहिए।*

### यादव सभा का निःशुल्क हेल्थ कैंप रविवार को

- कैंप में मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाइयां प्रदान की जाएंगी

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार एक मार्च को सुबह 9 से 112 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चि कि त सा शि वि र आ यो जि त किया जाएगा। कैंप में मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाइयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी व दंत रोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेगी।

## खबर संक्षेप

### पोक्सो एक्ट में सहायक व्यक्ति के लिए आवेदन

**नारनौल।** जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से पोक्सो एक्ट 2015 के तहत सहायक व्यक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति दो मार्च तक पंजीकृत डाक के माध्यम से हुडा सेक्टर एक मकान नंबर 721 में स्थित जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त मनोज कुमार ने बताया सहायक कर्मियों के पैनल में शामिल होने के लिए तीन महिलाओं व एक पुरुषों के लिए नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। समाज कार्य, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

*डीएमएफ से 253 लाख होंगे खर्च, माइंस अलॉट राशि का 10 फीसदी हिस्सा डीएमएफ में जमा करवाते हैं लीज होल्डर*

# नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक के माइंस प्रभावित 31 गांवों में विकास कार्यों का बजट आवंटित

**कमेटी की रिपोर्ट पर प्रभावित गांवों में एकत्रित बजट खर्च करने का प्रावधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

बीते दिनों जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफ कमेटी की बैठक हुई थी। उसमें तय निर्णय के हिसाब से माईंस से प्रभावित गांवों में विकास कार्यों का बजट आवंटित किया है। नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक के 31 गांव सलेक्ट किए गए, जिनमें 253 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। विभाग ने गांव वाइज आंवटित बजट राशि का पत्र बीडीपीओ को सौंप दिया है। आपको बता दें कि नांगल चौधरी-निजामपुर ब्लॉक में छह-सात माइंस संचालित हैं जिनमें ब्लास्टिग प्रक्रिया से पत्थर खनन होता है। खनन के दौरान नजदीकी गांवों में ध्वनि, वायु तथा डस्ट प्रदूषण की समस्या बढ़ गई। साथ ही किसानों की फसल, सड़क व अन्य सुविधाओं को नुकसान होता है। भरपाई के लिए सरकार ने जिला स्तर डीएएमएफ का प्रबंध किया है जिसमें लीज होल्डर को अलॉट राशि का 10 फीसदी बजट जमा कराना होता है। बजट राशि जिला माइनिंग अधिकारी के हैड में जमा कराने का प्रावधान है तथा खर्चे के लिए कमेटी का गठन किया है। कमेटी का चेयरमैन उपायुक्त और बतौर सदस्य सासंद, हलका विधायक, डीडीपीओ, फोरेस्ट विभाग व प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को शामिल किया गया है। माईंस प्रभावित एरिया को विस्तृत करके 15 किलोमीटर निर्धारित कर दिया, जिनमें कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बजट आवंटन किया गया है। माइनिंग अभियंता द्वारा जारी सूची में नांगल चौधरी-निजामपुर के 31 गांव प्रदूषण प्रभावित सलेक्टिड हुए हैं।

- खनन से नजदीक गांवों में बढ़ी ध्वनि, वायु और डस्ट प्रदुषण की समस्या

### बीडीपीओ को सौंपा आठ गांवों में विकास कार्यों का बजट

जिला माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि डीएमएफ में माइंस लीज राशि का 10 फीसदी हिस्सा जमा होता है। यह बजट कमेटी की रिपोर्ट पर माइंस से प्रभावित गांवों में विकास कार्यों पर खर्च करने का प्रावधान है। बीते दिनों आठ गांवों में विकास कार्यों का बजट बीडीपीओ को सौंप दिया। वंचित गांवों के लिए कमेटी की रिपोर्ट मिलने पर बजट दे दिया जाएगा।

### बिगोपुर में पांच लाख से होगा डिजिटल लाइब्रेरी का सौंदर्यीकरण

दनचोली को 10 लाख मिले हैं, यह बजट पार्क निर्माण पर खर्च होगा। गोठड़ी को 25 लाख मिलेंगे, जिससे सामुदायिक भवन निर्माण तथा लाईब्रेरी का प्रबंध किया जाएगा। सिरोही बहाली के लिए 15 लाख निर्धारित है जिससे एससी बस्ती से स्कूल तक रास्ते का पक्का निर्माण प्रस्तावित है। कारोली में 10 लाख से बोरवेल का प्रबंध किया जाएगा। छापड़ा बीबीपुर, आंतरी, बिहारीपुर, खातोली अहीर, बसीरपुर, सरेली गांव में छह-छह लाख से ट्रेक्टर खरीदे जाएंगे ताकि कूड़ा उठान की व्यवस्था हो सके। दौंखेरा व बखरीजा में पांच-पांच लाख से आरओ प्लांट का प्रबंध किया जाएगा। मूसनौता में पांच लाख से डिजीटल लाईब्रेरी खोली जाएगी। इस्लामपुरा में 10 लाख से पार्क में ट्रेक तथा जिम का सामान खरीदा जाएगा। पाचनौता में 15 लाख से पहाड़ पर पेयजल टंकी का निर्माण होना है। छापड़ा बीबीपुर में पांच लाख से हाईमास्क लाईटें, लूजोता में पांच लाख से डिजीटल लाईब्रेरी, जैनपुर में पांच लाख से हाईमास्क लाईटें, मौसमपुर में पांच लाख से डिजिटल लाईब्रेरी, रावता की ढाणी में छह लाख से खेल ग्राउंड की चारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। रोपड़ सराय में पांच लाख से व्ययायामशाला, कालबा में 10 लाख से नहर से जोहड़ तक पाईप लाईन दबाई जाएगी। मूसनोता गांव में 10 लाख से लिंक रास्तों का पक्का निर्माण होना है। भुंगारका में सात लाख से तालाब व जोहड़ का सौंदर्यकरण कराया जाएगा। टहला गांव में पांच लाख से हाल का निर्माण, घाटाशेर में पांच लाख से पार्क का निर्माण होगा। कोरियावास में 15 लाख से पीडब्ल्यूडी रोड से जोहड़ तक रास्ते का पक्का निर्माण होगा। बिगोपुर में पांच लाख से डिजिटल लाईब्रेरी तथा नेहरूनगर में पांच लाख पार्क का सौंदर्यकरण होगा। दौंगली में पांच लाख से डिजिटल लाईब्रेरी का निर्माण होना है।

## बीकेएन बहुतकनीकी संस्था की 30वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

# खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का करते हैं विकास: सैनी

**बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में 30वीं वार्षिक एथलेटिक मीट आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में गुरुवार को 30वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी थी। दो दिवसीय इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 5000 मीटर दौड़ (छात्र वर्ग) में हर्ष ने प्रथम, मनीष कुमार ने द्वितीय तथा शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (छात्रा वर्ग) में परी यादव प्रथम, प्रीति द्वितीय और राजबाला तृतीय रही। डिस्कस थ्रो (छात्र वर्ग) में रवि दत्त प्रथम, अजय द्वितीय और दीपक कुमार तृतीय रहे, जबकि डिस्कस थ्रो (छात्रा वर्ग) में महक सैनी ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कों की 100 मीटर फाइनल दौड़ में अरशद खान ने प्रथम स्थान हासिल किया। युवराज द्वितीय तथा आदित्य पटेल तृतीय स्थान पर रहे। स्टाफ की 200 मीटर दौड़ में कपिल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंजनी कुमार द्वितीय तथा शिवा खंडेलवाल तृतीय स्थान पर रहे। महिला स्टाफ की स्पून एंड लेमन रेस में पूजा यादव प्रथम, मोनिका रोहिल्ला द्वितीय और ज्योति तृतीय रही। स्टाफ और छात्रों की रस्साकसी में छात्रों ने विजय प्राप्त की, जबकि महिला स्टाफ और छात्राओं की रस्साकसी में महिला स्टाफ विजेता रही।



नारनौल। विजेता खिलाड़ियों को विक्ट्री स्टैंड पर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### खेल सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कमलेश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा शिक्षा के साथ खेलों में भागीदारी भी आवश्यक है। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पूरे आयोजन को सफल बनाने में ऑफिसर इंचार्ज स्पोर्ट्स नरेश शर्मा व स्पोर्ट्स इंचार्ज मनोज यादव के नेतृत्व में संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों, वालंटियर विद्यार्थियों एवं समस्त छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



महेंद्रगढ़। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान सप्ताह के अंतर्गत अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा, विशिष्ट अतिथि प्रो. महेंद्र सिंह, डॉ. सुधीर लांबा तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय द्वारा एक नई पहल करते हुए आर्यभट्ट ट्रॉफी की शुरुआत भी की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें आर्यभट्ट ट्रॉफी प्रदान की गई। यह ट्रॉफी रनिंग ट्रॉफी के रूप में स्थापित की गई है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष विजेता टीम द्वारा अगले वर्ष इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान विषय के प्रति रुचि एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए भविष्य में भी ऐसे वैज्ञानिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का आश्वासन दिया।

#### महिला कॉलेज नारनौल प्रथम

प्रश्नोत्तरी में क्विज मास्टर की भूमिका अश्विनी यादव ने सफलतापूर्वक निभाई। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका पूजा कुमारी, नीतू एवं अंशु यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल, द्वितीय स्थान राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ तथा तृतीय स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अश्विनी यादव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं उपस्थित श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने पर दिया जोर




रेवाड़ी। बाजरा उत्सव में कृषि विशेषज्ञ को सम्मानित करते चेयरमैन दुष्यंत सिंह।

- किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

गांव लुखी में किसानों को मोटे अनाज की उन्नत खेती की प्रेरणा देने के लिए वीरवार को बाजरा उत्सव मनाया गया। किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पंचायत समिति के चेयरमैन दुष्यंत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

खंड कृषि अधिकारी डा. नवीन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डा. सतीश कुमार ने किसानों से मिट्टी, पानी एवं प्राकृतिक संसाधनों को बचाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पोषक अनाजों का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है। कृषि विशेषज्ञ डा. रामकरण मलिक ने बताया कि बिना रासायनिक खाद एवं जहरीले तत्वों के भी अच्छी एवं लाभकारी खेती संभव है।

उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया। पशुपालन विभाग से डा. आकाशदीप ने डेयरी स्कीम, पशुधन बीमा योजना, व टीकाकरण की जानकारी दी और किसानों को पशुपालन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। एफपीओ बैरमपुर के सीईओ अशोक कुमार ने किसानों को एफपीओ से जुड़ने और समूह आधारित खेती के लाभ के बारे में बताया।

मुख्यमंत्री से सम्मानित हो चुकी बनारसी देवी ने मिलेट से बने विभिन्न उत्पादों तथा उनकी मार्केटिंग की जानकारी किसानों के साथ साझा की। मा. महावीर ने कृषि विभाग से आए हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मा. गुरदयाल, सुदर्शन, डा संजीत यादव व अंकित कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# कार और ट्राले की टक्कर में पत्नी की मौत, आईटीबीपी जवान घायल

- सुर्खपुर मोड़ के पास आगे चल रहे ट्राले ने अचानक मारे ब्रेक, पीछे आ रही कार टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के रोहतक रेवाड़ी बाईपास स्थित सुर्खपुर मोड़ के नजदीक हुई एक कार व ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। जिसके कारण कार में सवार पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान रेवाड़ी जिले के धामलावास निवासी करीब 32 वर्षीय पूनम पत्नी मोनू यादव के तौर पर हुई है। दुर्घटना के बाद ट्राला चालक मौके स फरार हो गया, जबकि घायल हुए पूनम व मोनू यादव को राहगीरों की सहायता से उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मोनू यादव से मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। मोनू यादव के बयान पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार व मौके पर खड़े लोग तथा इनसेट में मृतका पूनम की फाइल फोटो

# सिद्धार्थ ने यूजीसी नेट परीक्षा में पाई 139वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के विकास नगर कंकरवाली निवासी सिद्धार्थ ने सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में 139वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिद्धार्थ ने अपनी मेहनत, लग्न और निरंतर प्रयासों से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां सुलोचना तथा पिता राम सिंह और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। सिद्धार्थ ने अपनी स्कूली शिक्षा आरपीएस, बीएससी मैथऑनर्स आरपीएस बलाना महेन्द्रगढ़ तथा एमएससी की डिग्री आईजीयू मीरपुर से हासिल की। आवाज फाउंडेशन हरियाणा के चेयरमैन एवं पूर्व राजदूत आजाद सिंह तूर, पूर्व महासचिव बलवान सिंह, प्रधान रामचंद्र रंगा लिसानिया, प्रदेश महासचिव सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया निमोठ, रिटायर्ड इंस्पेक्टर रवि दत्त सीहा, रामेश्वर ठेकेदार जैनाबाद, मनोहर लाल व अभय सिंह पुनिया ने सिद्धार्थ के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



सिद्धार्थ

# महिला स्वयं सहायता समूह ने बनाया आर्गेनिक गुलाल, डीसी ने किया लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से होली पर्व को केमिकल रहित रंग से खेलने के लिए आर्गेनिक गुलाल बनाया गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय में आर्गेनिक गुलाल को लॉन्च किया। डीसी ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और समाज में अपनी अलग पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि रंगों के पर्व होली को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अनोखी पहल की है। यह पहल न केवल प्राकृतिक रंगों को बढ़ावा देगी, बल्कि महिलाओं के लिए आय का सशक्त माध्यम भी बन रही है।

डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वे केमिकल रहित रंगों से ही होली खेले, जिससे किसी को त्वचा संबंधी रोग न हो। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक रंग स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाते है।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीपीएम लोकेश, सुमित, बीसीसी सविता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य, राजबाला, हेमलता, सरिता, चांदनी, किरण व अन्नू मौजूद थे।

## आरोपी नाबालिगों को चोरी के लिए पैसों व नशे का देता था लालच

# पुलिस ने सुलझाई गांव सुरानी में चोरी की गुत्थी, आरोपित गिरफ्तार

**आरोपी से चार सोने के कड़े, एक मंगलसूत्र,एक कंठी,एक झुमकी, आठ चांदी के सिक्के बरामद किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

थाना सदर क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुरानी में हुई मकान में चोरी की वारदात को त्वरित कार्रवाई करते हुए सुलझा लिया है। थाना सदर पुलिस ने इस मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने व चांदी के आभूषण बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। डीएसपी भारत भूषण ने प्रेस वार्ता में बताया कि 21 फरवरी को गांव सुरानी निवासी किरोड़ीमल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि सुबह से दोपहर के बीच जब वह उसके घर पर ताला लगाकर बाहर गए हुए थे, तब अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर के अंदर से भारी मात्रा में सोने के आभूषण चोरी कर लिए। इस शिकायत पर थाना सदर में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सक्रियता से सुराग जुटाए और ढाणी बाठोठा थाना नांगल चौधरी निवासी आरोपित दीवान सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस की सघन पूछताछ के दौरान आरोपित की निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिए हैं। इस मामले की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपित दीवान नाबालिग को चोरी करने के लिए भेजता था और चोरी के बदले में उसे पैसों व नशे का लालच देता था।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### आरोपित से यह आभूषण बरामद

मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित से चार सोने के कड़े, एक मंगलसूत्र टिक्का बड़ा, एक मंगलसूत्र टिक्का छोटा, एक कन्ठी सोना बिना चैन, एक झुमकी चैन सहित, एक झुमकी बिना चैन, एक जोड़ी टोपस सोना, एक जोड़ी कान का टोपस सोना, तीन चैन सोना, एक अंगूठी सोना जैन्ट्स, तीन अंगूठी सोना लेडिज, एक अंगूठी चांदी जैन्ट्स, पांच लौंग नाक की सोना, आठ सिक्के चांदी को बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस ने आरोपित के पास से सात सोने की चूड़ियां, दो सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने के टॉप्स, तीन सोने की लौंग, छह जोड़ी चांदी की पाजेब, एक पुरानी चांदी की अंगूठी, तीन चांदी के सिक्के बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपित अन्य किन चोरी की वारदातों में शामिल रहा है।

### मसीत की प्रेरणा ने किया यूजीसी नेट एग्जाम क्लीयर

**रेवाड़ी।** जिले के गांव मसीत निवासी प्रेरणा ने यूजीसी नेट परीक्षा में 99.558 परसेंटाइल के साथ ऑल इंडिया 40वीं रैंक हासिल की है। अशोक कुमार केशव नगर नारनौल की सुपुत्री प्रेरणा की सफलता से दोनों परिवारों में खुशी की लहर है। प्रेरणा ने अपनी सफलता के श्रेय ससुर सूबेदार राकेश कुमार, सास मीना यादव व पति मोहित कुमार व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिय है।



**सूचना**

मैं, कुसुम कुमारी पुत्री विनोद कुमार निवासी ग्राम रे० स्टे० कोसली, भाकली-2 तह० कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करती हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से KUSHAM दर्ज है जबकि मेरी मैट्रिक सर्टिफिकेट व जन्म प्रमाण पत्र में मेरा सही नाम KUSUM KUMARI दर्ज हैं। यह सूचना मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम KUSUM KUMARI दर्ज कराने के लिए है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दड़ौली में जोहड़ को पट्टे पर छोड़ने हेतू नीलामी दिनांक 06/03/2026 को पंचायत घर दड़ौली में प्रातः 11-00 बजे की जावेगी। जिसकी जमानत राशि 10 हजार रुपये मौके पर पहले ली जाएगी। अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

अनुप सिंह सरपंच
ग्राम पंचायत दड़ौली (रेवाड़ी)
मो नंबर 9466022309

## जीआरपी ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# जुआ खेलते समय मारपीट से बनी रंजिश दोस्तों के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

### पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक की शिनाख्त व हत्यारों की तलाश के प्रयास शुरू किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जीआरपी ने गत 13 फरवरी को दिल्ली से आने वाली पैसेंजर ट्रेन के टायलेट में मिले शव के बाद दर्ज हत्या के मामले की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। युवक की हत्या जुआ खेलते समय हुई मारपीट के बाद बनी रंजिश के चलते की गई थी, जिसमें मुख्य आरोपी सहित दो युवकों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। उनके दो अन्य साथियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक व हत्या के आरोपी चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। उनके खिलाफ जीआरपी दिल्ली सहित कई अन्य थानों में चोरी के अभियोग दर्ज हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पैसेंजर ट्रेन के प्लेटफार्म पर पहुंचने के बाद टायलेट में एक यात्री को शव पड़ा दिखाई था। इसकी सूचना जीआरपी को दी गई थी। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया था। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान पाए जाने के कारण मामला हत्या से जुड़ा नजर आ रहा था। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मृतक की शिनाख्त व हत्यारों की तलाश के प्रयास शुरू कर दिए थे। तकनीकी जांच के बाद मृतक की पहचान गाजियाबाद के नंदग्राम के वाल्मीकि मोहल्ला निवासी लगभग 22 वर्षीय कर्ण के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने हत्या के आरोपियों का पता लगाने के प्रयास तेज कर दिए। इस मामले में जीआरपी ने नंदग्राम के ही आदर्श नगर निवासी रणजीत और उसके दोस्त मथुरा के गिडोह निवासी विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया। हत्याकांड के दो आरोपियों मेरठ निवासी आयान और साहिबाबाद निवासी सुरेश की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### सीसीटीएनएस से पहचान में मदद


मृतक के शव की शिनाख्त कराने के लिए उसके फिंगर प्रिंट व हुलिया सीसीटीएनएस पर अपलोड किए तो आपराधिक रिकॉर्ड होने के कारण मृतक की पहचान कर्ण के रूप में हो गई। इसके बाद उसके परिजनों को बुलाकर कपड़े दिखाने पर पूरी तरह पुष्टि हो गई। हत्या के दो अन्य आरोपियों की तलाश में टीम भेजी हुई है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-कृष्ण कुमार, एसएचओ, जीआरपी।

### चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे

जीआरपी एसएचओ ने बताया कि आरंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि मृतक और हत्या के आरोपी साथ मिलकर रेलवे स्टेशनों और अन्य स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। यह लोग जुआ भी खेलते थे। हत्या से कुछ दिन पहले जुआ खलते समय रणजीत और कर्ण के बीच झगड़ा हो गया। कर्ण ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे रणजीत उससे रंजिश रखने लगा था। उसने कर्ण को दोस्तों के हाथों सबक सिखाने की ठान ली थी।

### शराब पीने के बाद की गई मारपीट

रणजीत ने कर्ण को सबक सिखाने के लिए विनोद, सुरेश और आयान को 12 फरवरी की रात पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बुलाया था। वहां खड़ी एक ट्रेन में बैठकर चारों ने मिलकर शराब पी। नशा होने पर आयान ने कर्ण को पहले लात मारी। इसके बाद ट्रेन से उतारकर उसके साथ मारपीट की। उसके सिर पर पत्थर से वार किया गया। जब कर्ण सिंह की मौत हो गई, तो पहले शव रेलवे ट्रैक पर डाला। इसके बाद शव को ट्रेन के टायलेट में डाल दिया।

### चारों के खिलाफ चोरी के केस दर्ज

जीआरपी एसएचओ कृष्ण कुमार ने बताया कि चारों आरोपी पहले दुकानों और अन्य स्थानों पर चोरियों की वारदातों को अंजाम देते रहे थे। इसके बाद उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों का सामान चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू किया। उनके खिलाफ गाजियाबाद के साथ-साथ जीआरपी थानों में भी चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा। दो अन्य आरोपियों को जल्द काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### निबंध लेखन प्रतियोगिता में मीनू यादव बनी विजेता

रेवाड़ी। अहीर कॉलेज में वीरवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डा. संगीता राव ने बताया कि हिंदी विभाग, महिला प्रकोष्ठ, लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम समिति तथा आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि निबंध लेखन एक विशेष कला है, इसके द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा को परखा जाता है। प्रतियोगिता में मीनू यादव बीए तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, अंजलि सैनी बीए पंचम सेमेस्टर ने द्वितीय तथा कृपा बीए पंचम सेमेस्टर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में मीनाक्षी गोयल, डा. मोनिका यादव व पूनम रानी शामिल थी।

### अनाज मंडी में 1.91 करोड़ से बनेगा टीन शेड


कोसली। कोसली अनाज मंडी में एक करोड़ 91 लाख 76 हजार रुपये की लागत से नए टीन शेड का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य का टेंडर अलॉट कर दिया गया है। विधायक अनिल यादव ने बताया कि कोसली अनाज मंडी में नवनिर्माण कार्यों के लिए एक करोड़ 91 लाख 76 हजार रुपए की राशि मंजूर की गई है। इस राशि से नया कवर्ड शेड बनाया जाएगा। इसके अलावा एक सुलभ शौचालय का निर्माण होगा और पुराने शेड की मरम्मत कराई जाएगी। विधायक ने कहा कि नए शेड के बनने से फसल की खरीद के समय स्टाक रखने में सुविधा होगी और बरसात आने पर मंडी में किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। अनाजमंडी में जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।

### एसआईआई की कान्फ्रेंस को लेकर बैठक में चर्चा

रेवाड़ी। अप्रैल माह में गढ़ी बोलनी रोड पर पैरिस विला में एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की तीन दिवसीय कान्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस कान्फ्रेंस में देश के विभिन्न हिस्सों से ख्याती प्राप्त सर्जन हिस्सा लेंगे। कान्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर ही जिले के सर्जनों की बैठक हुई, जिस पर कान्फ्रेंस को लेकर मंथन किया गया। एएसआई के हरियाण चैप्टर अध्यक्ष डा. विजय, कान्फेंस के आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध सर्जन डा. करतार सिंह यादव, सचिव डा. संजय अग्रवाल सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने एक बैठक कर कान्फ्रेंस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। डा. करतार सिंह यादव ने बताया कि 10 अप्रैल से शुरू होने वाली यह कान्फ्रेंस तीन दिन तक चलेगी। इसमें देश भर से सर्जन हिस्सा लेंगे। कान्फ्रेंस में चिकित्सा क्षेत्र में आ रहे सर्जरी प्रणाली में बदलाव और आधुनिक सर्जरी प्रणाली पर विशेषज्ञ अपने विचार सांझा करेंगे। कान्फ्रेंस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से प्रसिद्ध सर्जन हिस्सा लेंगे।

### होली पर्व पर मदार-रोहतक स्पेशल रेलसेवा का संचालन एक मार्च से

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से होली पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639 मदार-रोहतक स्पेशल रेलसेवा एक मार्च से 31 मार्च तक मदार से प्रतिदिन सुबह 4.30 बजे रवाना होकर दोपहर 12:50 बजे रोहतक पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09640 रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा एक मार्च से 31 मार्च तक रोहतक से प्रतिदिन दोपहर 1:20 बजे रवाना होकर रात्रि 10:35 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, गोकलगढ़, पाल्हावास, झज्जर और अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 7 साधारण व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 9 डिब्बे होंगे।



### बाबा दयाल दास आश्रम मंदिर में 4 को लगेगा धुल्हेंडी मेला, तैयारियां शुरू

रेवाड़ी। कुंड के साथ लगते हुड़िया-जैतपुर श्याम बाबा के धाम स्थित बाबा दयाल दास आश्रम मंदिर में 4 मार्च को आयोजित होने वाले धुल्हेंडी मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले के आयोजन के लिए 25 गांवों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महामंडलेश्वर रामेश्वरदास महाराज ने की। बैठक में 3 मार्च को होली और 4 मार्च को धुल्हेंडी पर्व के अवसर पर मेले का आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सुबह के समय ठाकुर जी की आकर्षक व भव्य झांकी निकाली जाएगी। मेले के दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को दही-खीचड़े का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सरपंच ओम प्रकाश, कंवर सिंह भक्त, मदन पंच, प्रदीप, जीतू, अर्जुन, बिजेंद्र, रामनिवास, मनोज, सुदेश, महाबीर, पंकज फौजी, राकेश, बल्लू किशनलाल, सोनू, इंद्रजीत, हरेंद्र, सचिन दास व सज्जन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### अनाजमंडी में श्री श्याम बाबा का संकीर्तन आज

रेवाड़ी। नई अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से फाल्गुन एकादशी के अवसर पर 27 फरवरी को 126वें श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। संकीर्तन में सोनभद्र से भजन गायक संजीव शर्मा व गोकलगढ़ रेवाड़ी से संजय शर्मा अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे।

### जाट रेजीमेंट का पूर्व सैनिक मिलन समारोह कल

रेवाड़ी। 20 जाट रेजीमेंट का 42वां पूर्व सैनिक मिलन समारोह 28 फरवरी को बावल रोड स्थित जाट धर्मशाला में मनाया जाएगा। पूर्व सैनिक संगठन आयोजन समिति से सूबेदार धर्मसिंह व सूबेदार बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे हवन व 10बजे सैनिक सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन शाम 4 बजे तक होगा।

### पति सहित चार ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

कोसली। शादीपुर गांव की एक विवाहिता ने गुरुग्राम जिले के गांव खैटावास निवासी अपने पति सहित चार ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज करवाया है। विवाहिता मनीषा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह 5 वर्ष पूर्व प्रिन्स के साथ हुआ था। विवाह के दो माह बाद ही उसके पति प्रिन्स, सास भतेरी, ससुर बलवंत व देवर मनोज ने दहेज को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। कुछ समय बाद वह आपसी रजामंदी से फिर ससुराल आ गई। विवाह के एक वर्ष बाद पुत्र जन्म पर छुछक में उनके अनुसार सामान न मिलने पर ससुराल वालों ने उसे फिर से मारपीट कर घर से निकल दिया। जिसके दो साल तक वह अपने घर शादीपुर में ही रही। दो साल बाद उसका पति प्रिन्स उसे बच्चे सहित ससुराल ले गया, लेकिन उसके साथ फिर मारपीट गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। कोसली थाने में शिकायत के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

### डंपर की टक्कर से असंतुलित होकर कार क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे दंपति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

बुधवार की रात दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर संगवाड़ी के पास कार को डंपर ने टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित कार चार वाहनों से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार दंपति सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद कुछ देर तक हाइवे पर वाहनों का जाम भी लगा रहा, जिसे बाद में पुलिस ने खुलवा दिया। कसोला पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। कायस्थवाड़ा निवासी स्वर्ण गोयल का जयपुर में कारोबार है। वह अपनी पत्नी के साथ



कार में किसी कार्यक्रम में शरीक होने के लिए जयपुर से रेवाड़ी आ रहा था। कार संगवाड़ी के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित हो गई। कार एक के बाद एक चार वाहनों से टकराने के बाद हाइवे पर पलट गई। आसपास के लोग कार में फंसे दंपति को निकालने के लिए दौड़ पड़े।

### जैतपुर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालु लगा रहे बाबा के दरबार में हाजिरी

कुंड। प्राचीन श्री श्याम मंदिर जैतपुर धाम में इन दिनों भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फाल्गुन मेले के अवसर पर देशभर से श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। मुख्य मेला 27 फरवरी को आयोजित होगा, जिसमें 5 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने का अनुमान है। अध्यक्ष प्रधान ताराचंद यादव श्री श्याम सेवा समिति जैतपुर धाम लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। समिति की ओर से दर्शन लाइन, पेयजल, चिकित्सा शिविर, साफ-सफाई, रोशनी एवं पार्किंग की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। ग्रामवासी भी सेवा भावना से सहयोग कर रहे हैं। मेले के आयोजन को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। जिला पुलिस अधीक्षक सुरेश खींची, मेला सह प्रभारी तहसीलदार अर्जुन लाल एवं थानाधिकारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस तैनात है।

### आंतरिक शांति प्रदान करता हैप्पी हार्मोन सेरोटोनिन

■ गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय योग परंपराः फिलॉसफी, प्रैक्टिस एंड होलिस्टिक लिविंग फॉर नारी शक्ति विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के चौथे दिन प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने हाउ टू लीड ए हैप्पी लाइफ विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि जीवन को वास्तव में खुशहाल बनाने के लिए मानसिक संतुलन, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्म-जागरूकता अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे हैप्पी हार्मोन्स की भूमिका को सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से स्पष्ट करते हुए बताया कि डोपामिन लक्ष्य प्राप्ति, प्रेरणा और उपलब्धि की भावना से जुड़ा होता है, जबकि सेरोटोनिन मानसिक संतुलन, संतुष्टि और आंतरिक शांति प्रदान करता है।



### पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी, ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

पुलिस टीम जिले को नशामुक्त करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। वीरवार को टीम ने गांव बव्वा व नया गांव का दौरा कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया व नशामुक्त जिला बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों व ट्रैफिक के नियमों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजकल साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे है, ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।



रेवाड़ी। मुख्यअतिथि का स्वागत करते कुलपति व कुलसचिव। फोटो : हरिभूमि

### अहीरवाल वीरों की धरती है, जो रेजांगला जैसे पराक्रम के लिए याद की जातीः प्रोः अग्निहोत्री

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के हिंदी विभाग की ओर से भारतीय ज्ञान परंपरा एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी ने की। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के उपाध्यक्ष प्रोफेसर कुलदीप चंद अग्निहोत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी दिल्ली के हिंदी विभाग के प्रो. नरेंद्र मिश्रा मुख्य वक्ता थे। संगोष्ठी को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित किया गया, जिसमें देश के 21 राज्यों के 25 विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों से 210 शोध-पत्र प्राप्त हुए। संगोष्ठी संयोजिका एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डा. मंजु पुरी ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो.अग्निहोत्री ने कहा कि अहीरवाल वीरों की धरती है, जो रेजांगला जैसे पराक्रम के लिए याद की जाती है। हमें अपनी परंपराओं के मूल में जाने और मौलिक सोच रखने की आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित सभी पौराणिक ग्रंथ संस्कृत में हैं, इसलिए सभी विषयों में प्रवीणता तभी हासिल हो सकती है, यदि संस्कृत भाषा को मुख्य धारा में शामिल किया जाए। मुख्य वक्ता प्रो. नरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का विषय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा संशोधित सभी पाठ्यक्रमों में शामिल किया जा रहा है और इसी प्रकार प्रकृति का संरक्षण करने के लिए पर्यावरण जागरूकता संबंधी विषयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पाठ्यक्रमों में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। ऑफलाइन कार्यक्रम का संचालन डा. जागीर नागर और डा. अर्चना तथा ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन डा. कविता, डा. नेहा, डा. नवीन व डा. अमनदीप ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### श्रद्धालु आज मनाएंगे आमलकी एकादशी

रेवाड़ी। हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष 24 एकादशी होती हैं। जब अधिक मास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। आमलकी यानी आंवला का शास्त्रों में बड़ा महत्व बताया गया है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आमलकी या रंगभरी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ज्योतिषाचार्य दलीप शास्त्री का कहना है कि फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी शुक्रवार प्रातः 12 बजकर 33 मिनट पर प्रारंभ होकर रात्रि 10 बजकर 32 मिनट पर संपन्न होगी। उदया तिथि के अनुसार शुक्रवार को आमलकी एकादशी मनाई जाएगी। इस एकादशी का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है, क्योंकि इसी दिन ही भगवान शिव, माता पार्वती से विवाह के उपरांत पहली बार अपनी प्रिय काशी नगरी आए थे। मान्यता के अनुसार वहां आकर शिव ने देवी पार्वती के साथ होली खेली थी। शास्त्रों में कहा गया है कि जैसा नदियों में गंगा श्रेष्ठ है, वैसे ही देवों में भगव विष्णु भी श्रेष्ठ हैं। विष्णु जी ने जब सृष्टि की रचना के लिए ब्रह्मा को जन्म दिया उसी समय उन्होंने आंवले के वृक्ष को जन्म दिया।

**परीक्षा** जिले में सभी केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है

# दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दिया गणित का पेपर



रेवाड़ी। हिंदू स्कूल में पेपर देने पहुंचे दसवीं के विद्यार्थी तथा परीक्षा केंद का निरीक्षण करते डीसी अभिषेक मीणा व एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

वीरवार से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं की भी परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन जिले में 54 परीक्षा केंद्रों में साढे 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित का पेपर दिया। दोपहर साढ़े 12 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए एक चेकिंग के बाद विद्यार्थियों को एंट्री दी गई। फ्लाइंग स्कवॉयड की टीमों ने परीक्षा केंद्रों पर जांच की। 27 फरवरी को 12वीं के विद्यार्थी पॉलिटिकल सांइस का पेपर देंगे। डीईओ विजेन्द्र हुड्डा ने कहा कि नकल रहित परीक्षा कराने के लिए जिले में सभी केंद्रों पर निगरानी रखी जा रही है।

परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन व डिजिटल वॉच ले जाने पर पाबंदी है। विद्यार्थियों की चेकिंग करने के बाद परीक्षा केंद्रों में एंट्री दी जा रही है।

### परीक्षार्थियों की चेकिंग करें केंद्र अधीक्षकः डीसी

डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के साथ वीरवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप न हो। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग करें। उनके पास किसी भी प्रकार की नकल सामग्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ड्यूटी पर तैनात स्टाफ सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नकल रहित परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिले में गठित की गई उड़नदस्ता की टीमें भी सतर्क रही।

### लावण्या के कलाकारों ने कला उत्सव में बिखेरे लोक संस्कृति के रंग

रेवाड़ी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज व यदुवंशी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में महेंद्रगढ़ में आयोजित सात दिवसीय विरासत कला उत्सव में रेवाड़ी की लावण्या फाउंडेशन ने हरियाणवी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। संस्था के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों को थिरकने पर मजबूर किया। संस्था की उपप्रधान संगीता ने कहा कि कलाकारों ने अपने पारम्परिक नृत्यों की बेहतरीन प्रस्तुति से लुप्त हो रही लोक कला को जीवित रखने का भरसक प्रयास किया। कला उत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने की। उत्सव के समन्वयक अनिल कौशिक व उपनिदेशक मुकेश उपाध्याय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विरासत उत्सव में लावण्या फाउंडेशन से रोहित, अंजली, अंजना, मोहित, अंजली, पूर्वी, वंशिका, शिखा, हर्षिता, विधि, कोमल, निर्मला व खुशी ने लोक संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुति दी।